# आजा बाबा आजा माता का वचन निभा जा लिरिक्स

आजा बाबा आजा,
माता का वचन निभा जा,
हारा हूँ मैं बाबा,
अब हारा हूँ मैं बाबा।bd।

तर्ज – सारी दुनिया प्यारी।
देखे – मैं तो हूँ सांवरिया।

---

अपना अपना कहने वाले,
झूठे है सब साथी,
ठोकर खाकर भी मुझको ये,
बात समझ ना आती,
एक तू ही सच्चा साथी,
बाबा रे धीर बंधा जा,
हारा हूँ मैं बाबा,
अब हारा हूँ मैं बाबा।bd।

---

धन दौलत तो देता तू ही,
भाव ही लेने आजा,
पार मेरे ना भोग हज़ारों,
रुखा सूखा खा जा,
छोड़ के सेठों का घर,
मेरी कुटिया में भी आजा,
हारा हूँ मैं बाबा,
अब हारा हूँ मैं बाबा।bd।

---

लाखों नहीं करोडो की है,
तूने बिगड़ी सँवारी,
जानता हूँ मैं अब आएगी,
‘हेमंत’ की भी बारी,
असुवन से भरे ये नैना,
नैनो से नैन मिला जा,
हारा हूँ मैं बाबा,
अब हारा हूँ मैं बाबा।bd।

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

आजा बाबा आजा,
माता का वचन निभा जा,
हारा हूँ मैं बाबा,
अब हारा हूँ मैं बाबा।bd।

**Singer – Hemant Aggarwal**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com